



# पत्नी और मासूम बेटी के सामने गोली मारकर हत्या

### क्षेत्र में दहशत का माहौल

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,9 अप्रैल।** अटेर क्षेत्र में खिरिका गांव निवासी नीलेश जाटव की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। बुधवार रात करीब 8 बजे हुई इस वारदात में नीलेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और तीन वर्षीय मासूम बेटी इस भयावह घटना की प्रत्यक्षदर्शी बनीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीलेश जाटव अपनी पत्नी रूबी और बेटी के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। रास्ते में रमटा गांव के पास चंबल के बीहड़ क्षेत्र में चलते समय उनकी पत्नी के हाथ से बच्ची का डायपर गिर गया। जैसे ही उन्होंने बाइक रोकी और डायपर उठाने लगे, तभी पीछे से बाइक सवार अज्ञात बदमाश आए और नीलेश पर गोली चला दी। गोली उनकी पीठ में लगी और वे मौके पर ही गिर पड़े। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए।

**पोस्टमार्टम में देरी से बढ़ा आक्रोश:** घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया, लेकिन बिजली व्यवस्था बाधित होने के कारण सुबह से लेकर दोपहर तक पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शाम करीब 4 बजे पोस्टमार्टम होने पर शव परिजनों को सौंपा गया। इस देरी को लेकर परिजनों और भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

**पुलिस जांच जारी, आरोपियों की तलाश में टीम गठित:** पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है और संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। हालांकि घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल:** इस घटना के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बीहड़ क्षेत्र में इस तरह की वारदात ने लोगों में भय का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़:** मृतक अपने परिवार का सहारा था। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और मासूम बेटी की आंखों के सामने हुई इस वारदात ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की बात भी कही गई है।



### प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाली स्थिति

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई गई।

# भीमनगर में दिनदहाड़े महिला पर फायरिंग

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,9 अप्रैल।** शहर के भीमनगर इलाके में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां सिलाई सेंटर पर बैठी 45 वर्षीय नीलम जाटव को एक बाइक सवार बदमाश ने गोली मार दी। आरोपी की पहचान मजनू ओझा के रूप में हुई है, जो वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया।

**पुरानी रंजिश में वारदात, आरोपी फरार:** पुलिस ने घायल महिला के बयान दर्ज कर लिए हैं, जिसमें उसने हमलावर की पहचान मजनू ओझा के रूप में की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वारदात के पीछे पुरानी रंजिश कारण हो सकती है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।



### कट्टे से ताबड़तोड़ फायरिंग, पेट में लगी गोली

जानकारी के अनुसार, नीलम जाटव अपने सिलाई सेंटर पर काम कर रही थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए आरोपी ने कट्टे से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इससे पहले कि महिला कुछ समझ पाती, एक गोली उसके पेट में जा लगी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, गोली अभी भी पेट में फंसी हुई है और स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# कांकर ने पहले ही प्रयास में हासिल की डीएसपी रैंक

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,9 अप्रैल।** जिले की अटेर तहसील के ग्राम चौकी निवासी स्वदेश कांकर पुत्र प्रमोद कांकर ने पहले ही प्रयास में यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर डीएसपी रैंक हासिल की है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और गांव में उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वदेश ने बताया कि वे लंबे समय से यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। उन्होंने एमआईटीएस कॉलेज ग्वालियर से बीटेक करने के बाद दिल्ली के दृष्टि कोचिंग संस्थान में रहकर तैयारी की। लगातार प्रयासों के बावजूद यूपीएससी में सफलता नहीं मिलने पर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे। निरंतर मेहनत और लगन का परिणाम यह रहा कि स्वदेश ने यूपीपीसीएस परीक्षा दी और पहले ही प्रयास में उनका चयन हो गया। इस उपलब्धि के बाद वे अपने गृह ग्राम चौकी पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत कर बधाई दी। स्वदेश के पिता प्रमोद कांकर पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत हैं। स्वदेश ने बताया कि आर्थिक तंगी के बावजूद उनके माता-पिता ने हमेशा उनका मनोबल बढ़ाया और कभी निराश नहीं होने दिया। सफलता के बाद स्वदेश कांकर ने अपने परिवार के साथ भिंड के एसपी डॉ. असित यादव एवं एएसपी संजीव पाठक से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। स्वदेश ने युवाओं से अपील की कि वे लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करते रहें। उन्होंने कहा कि यदि कभी असफलता मिले तो निराश न हों, बल्कि निरंतर प्रयास करते रहें, क्योंकि सफलता अवश्य मिलती है। जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए।

### सागौन तस्कर गिरफ्तार, तीन फरार

**पन्ना, 9 अप्रैल.** मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में सागौन वृक्षों की अवैध कटाई में लिप्त तस्करों के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके तीन साथी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए.वन विभाग के अनुसार यह कार्रवाई 8 अप्रैल को पन्ना टाइगर रिजर्व के बकचुर बीट क्षेत्र में की गई.

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला अस्पताल भिंड में फूड बास्केट वितरण

### पोषण और जागरूकता के माध्यम से टीबी उन्मूलन का प्रयास

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,9 अप्रैल।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल परिसर स्थित क्षय रोग कार्यालय भिंड में फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना एवं समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएचओ जे.एस. यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. शिवप्रताप सिंह भदौरिया, जिला क्षय अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा शामिल हुए। साथ ही वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. देवेश शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।



**51 टीबी मरीजों को वितरित की गई फूड बास्केट:** अतिथियों द्वारा 51 टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित की गई, जिनमें पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल थी। इस सहायता का उद्देश्य मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर उनके उपचार को प्रभावी बनाना है। मुख्य अतिथि जे.एस. यादव ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने मरीजों को नियमित दवा सेवन और संतुलित आहार लेने की सलाह दी।

**जन अभियान परिषद की भूमिका पर प्रकाश:** डॉ. शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने मप्र जन अभियान परिषद की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण हैं। जिला क्षय अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा ने टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा मरीजों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव शशिकांत शर्मा ने किया, जबकि संस्था अध्यक्ष गणेश दत्त शर्मा ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।


### समाजसेवियों एवं संस्थाओं का सराहनीय सहयोग

इस आयोजन में श्रीमती भगवंतीबाई शिक्षा प्रसार समिति द्वारा फूड बास्केट उपलब्ध कराई गई, जबकि मप्र जन अभियान परिषद, जिला भिंड द्वारा समन्वय किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नुन्हाटा एवं बबेड़ी, मेंटर सरिता चौहान तथा समाजसेवी मुस्कान, आरती एवं संजय का विशेष सहयोग रहा।

### टीबी मुक्त भारत की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में टीबी मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। यह आयोजन टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम साबित हो रहा है।

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर, बैठक में दिए सख्त निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,9 अप्रैल।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कई अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए।

**व्यवस्थाओं को लेकर दिए विस्तृत दिशा-निर्देश:** बैठक में कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अतिथियों के आगमन, बैठक व्यवस्था, मंच व्यवस्था, आवागमन, पेयजल, अस्थायी शौचालय, वाहनों की पार्किंग, हेलीपेड एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूर्ण किए जाएं।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर ने जिले में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को समय-सीमा में आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम का सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

### आईडी कार्ड अनिवार्य, अनुशासन पर विशेष जोर

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से आईडी कार्ड धारण कर ही प्रवेश करेंगे। इससे आयोजन में अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी।

### जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश

बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने और समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**भोपाल, 9 अप्रैल. जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल (शहर एवं ग्रामीण) ने किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल ने किया.**

कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गेहूं खरीदी में लगातार देरी के कारण किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं. उन्होंने खरीदी तिथियों को बार-बार 23 मार्च से 1 अप्रैल, फिर 10 अप्रैल और आगे बढ़ाने को तारीख पर तारीख बताते हुए कहा कि इससे किसानों में व्यापक आक्रोश है. खरीदी केंद्र समय पर शुरू नहीं होने से किसानों को अपनी उपज लेकर भटकना पड़ रहा है.नेताओं ने बताया कि सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित होने के कारण हजारों किसान डिफॉल्टर घोषित हो गए हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि जब खरीदी और भुगतान सुनिश्चित नहीं है, तो किसान ऋण कैसे चुकाएंगे.

# न्यू द चिल्ड्रन स्कूल में अभिभावक और शिक्षक बैठक का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,09 अप्रैल।** गुरुवार को न्यू द चिल्ड्रन स्कूल में अभिभावक और शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 8वीं और कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 100त्न रहा, जो विद्यालय के लिए एक शानदार उपलब्धि है। इस अवसर पर स्कूल संचालक प्रदीप पवैया एवं सुरेंद्र खन्ना ने मेधावी छात्रों को मेडल




और प्रशंसा पत्र दिए एवं छात्रों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी । इस आयोजन में अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया द्य कार्यक्रम में संचालिका रिंकी पवैया व सरमन लाल पवैया शिक्षा प्रसार समिति के सचिव सुरेन्द्र खन्ना तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप पवैया तथा उप प्रधानाध्यापक पंकज पवैया तथा समस्त विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने इस पालक शिक्षक सभा में हिस्सा लिया।

# गेहूं खरीदी में देरी के विरोध में कांग्रेस का धरना, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,9 अप्रैल।** जिले में ओलावृष्टि, असमय बारिश एवं गेहूं खरीदी की तारीखों में बार-बार बदलाव के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुरानी गल्ला मंडी गेट, इटावा रोड पर धरना प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया' पिंकी' के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम भिंड अखिल शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि जिले के किसान वर्तमान में अत्यंत विकट और हृदयविदारक स्थिति से गुजर रहे हैं। एक ओर प्राकृतिक आपदा का प्रकोप है, तो दूसरी ओर शासन-प्रशासन की शिथिलता के कारण किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि हाल ही में हुई भीषण ओलावृष्टि और असमय बारिश ने खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों एवं अन्य फसलों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। फसलें खेतों में बिछ गई हैं, जिससे दाना काला पड़ने और सड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसानों की सालभर की मेहनत और पूंजी बर्बाद हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर किसान की फसल तैयार होकर बर्बाद हो रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार गेहूं खरीदी की तारीखों को बार-बार आगे बढ़ा रही है। सरकारी केंद्रों पर खरीदी शुरू न होने से किसान अपनी उपज सुरक्षित रखने के लिए भटक रहे हैं, जबकि मंडियों में व्यापारियों द्वारा औने-पौने दामों पर फसल खरीदने की कोशिश की जा रही है ।कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से शासन से कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं, जिनमें प्रमुख रूप से फसल नुकसान का राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा तत्काल सर्वे कराया जाए। प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा घोषित किया जाए। गेहूं खरीदी प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए और तारीखों में बदलाव बंद किया जाए। नमी के मानकों में ढील दी जाए ताकि किसानों की उपज रिजेक्ट न हो। किसानों के केसीसी एवं अन्य कृषि ऋणों की वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपये मुआवजा प्रदान किया जाए। धरना प्रदर्शन में डॉ. राधेश्याम शर्मा, प्रमोद चौधरी, बाबा भगवान दास सेठिया, रामहर्ष सिंह कुशवाह, अरविंद बघेल, संतोष त्रिपाठी, बबलू त्यागी, रेखा भदौरिया, अनिल भारद्वाज, अशोक जैन, प्रमोद जैन, संदीप मिश्रा के अलावा अन-?य लोग मौजूद रहे।

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने किसानों के हित में निरंतर संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी व्यक्त किया।

### हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**धार, 9 अप्रैल.** शहर की थोक सब्जी मंडी में व्यापारियों और किसानों पर धारदार हथियारों से हमला कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद अब मंडी क्षेत्र में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी. पुलिस के अनुसार आरोपी रुपेश पिता ओमप्रकाश और रोहित पिता भेरु निवासी आमखेड़ा को चंदेल भवन तिराहे से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे वारदात के बाद भागने की फिराक में बस का इंतजार कर रहे थे. दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है. यह घटना 8 अप्रैल की सुबह तिरला रोड स्थित थोक सब्जी मंडी में हुई थी।

# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए अनूठी पहल ,चलाया गया जल सेवा अभियान

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,09 अप्रैल।** सजग कार्यक्रम के तहत परहित समाज सेवा संस्था और लैंड स्टिक ने गोदरेज के सहयोग से मालनपुर क्षेत्र के इकहारा ,सिंघवारी ,लहचूरा का पूरा के मैं भीषण गर्मी को देखते हुए 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक पक्षियों के लिए जल सेवा अभियान लगातार चलाया गया यह कार्यक्रम परहित समाज सेवा संस्था के तत्वावधन में आयोजित किया जिसमें परहित समाज सेवा संस्था से डायरेक्टर राघवेंद्र के द्वारा गांव के सदस्यों को बताया भीषण गर्मी के बीच जहां इंसानों के साथ-साथ पक्षी भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं वही विशेष अभियान के तहत ग्रामीणों ने पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए एक जुट होकर सराहनीय पहल की जिसमें परहित समाज सेवा संस्था से कोऑर्डिनेटर हिमांशु राजावत, रेखा भदोरिया, अरुणा धाकड़ एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय हाई सेकेंडरी स्कूल से दीपा भदौरिया के द्वारा इस अभियान के दौरान घरों के आंगन छतो और पेड़ों पर पानी से भरे बर्तन रखे गए जिसमें पक्षियों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके इस नेक कार्य में इको क्लब के सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व पुरुष और बच्चों ने लगभग 125 लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और साथ में ही ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है बल्कि समाज में जीव जंतुओं के प्रति दया और संवेदनशीलता को भी मजबूत करता है और साथ में ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर इस 3 दिन की कार्यशाला को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए लोगों की सेवा भाव से परहित समाज सेवा संस्था से हिमांशु राजावत, रेखा भदोरिया ,अरुणा धाकड़ ने लोगों का आभार व्यक्त किया।







# भागवत कथा के बाद भंडारे का हुआ आयोजन

### कथा के समापन अवसर पर व्यासपीठ से पत्रकारों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव,09अप्रैल।** मेहगांव के त्यागी बाग में चल रही विशाल संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आज विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। 1 अप्रैल से 9 अप्रैल तक कथावाचक आचार्य पं विमलकृष्ण पाठक जी महाराज के श्रीमुख से अमृतमयी कथा का रसपान कराया। मेहगांव के सभी भक्तों ने आठ दिवसीय कथा में पूर्ण श्रद्धा और मनोयोग के साथ मेहगांव वासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के संयोजक हृदेश त्यागी बंटी ने बताया कि सभी मेहगांव वासियों ने इस दिव्य और भव्य भागवत कथा मे पूरी लगन और मेहनत के साथ इसे सफल बनाने में योगदान दिया है। इस दौरान प्रचार प्रसार से लेकर, पार्किंग, भंडारा निर्माण से लेकर परोसने की व्यवस्था, पत्रकार, पुलिस प्रशासन व नगरपरिषद हो चाहे अन्य सभी प्रकार से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से इस कथा के सहयोग करने वाले सभी धर्म प्रेमी बंधुओं का में त्यागी परिवार की ओर से हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। व्यास पीठ से इस भव्य और दिव्य आयोजन को जन जन तक पहुंचाने वाले सभी पत्रकार बंधुओं का व्यासपीठ से शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।